smc moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 04 मार्च 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | मई | 29-05-24 | 23.36 |
| सोना | मार्च | 26-03-24 | 2095.70 |
| कच्चा तेल | अप्रैल | 20-03-24 | 79.97 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | मई | 28-03-24 | 83.55 |
| नेचुरल गैस | अप्रैल | 26-03-24 | 1.84 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 82.84 |
| डॉलर इंडेक्स | 103.86 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.08 |
| सीआरबी इंडेक्स | 317.12 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 8503.50 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2245.00 |
| जिंक | नकद | 2417.00 |
| लेड | नकद | 2034.50 |
| निकल | नकद | 17662.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 15 मार्च 24 | 68870.00 |
| एल्युमिनियम | 15 मार्च 24 | 18995.00 |
| जिंक | 15 मार्च 24 | 20595.00 |
| लेड | 15 मार्च 24 | 15980.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 26-03-24 | 16249.00 | मंदी | 03.01.24 | 16208.00 | 16050.00 |
| चांदी | 05-03-24 | 72278.00 | मंदी | 03.01.24 | 72600.00 | 72000.00 |
| सोना | 05-04-24 | 63563.00 | मंदी | 02.02.24 | 62562.00 | 63000.00 |
| कच्चा तेल | 19-03-24 | 6638.00 | तेजी | 19.01.24 | 6152.00 | 6400.00 |
| नेचुरल गैस | 25-03-24 | 153.10 | तेजी | 17.01.24 | 147.40 | 144.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 28-03-24 | 727.95 | मंदी | 09.01.24 | 738.00 | 732.00 |
| एल्युमिनियम | 28-03-24 | 201.45 | मंदी | 09.01.23 | 208.55 | 203.00 |
| जिंक | 28-03-24 | 214.40 | मंदी | 01.02.24 | 220.90 | 217.00 |
| लेड | 28-03-24 | 177.80 | साइडवेज | 05.12.23 | 182.85 | - |
| मेटलडेक्स | 19-03-24 | 15065.00 | मंदी | 09.01.23 | 15482.00 | 15200.00 |
| स्टील लांग | 20-03-24 | 42600.00 | मंदी | 12.10.23 | 44710.00 | 43200.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**01.03.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 62700 पर सपोर्ट और 63300 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 72400 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 71900 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में नरमी का रूझान रह सकता है। पिछले हफ्ते कमजोर अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा जून में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने से डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के कारण आज सोने की कीमतें दो महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। बेंचमार्क अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी की यील्ड और डॉलर इंडेक्स में शुक्रवार को गिरावट तक हुई जब आंकड़ों से पता चला कि फरवरी में अमेरिकी मैनुफैक्चरिंग में अधिक गिरावट हुई और जनवरी में निर्माण खर्च में आश्चर्यजनक रूप से गिरावट हुई। जनवरी में अमेरिकी मुद्रास्फीति में वार्षिक वृद्धि लगभग तीन वर्षों में सबसे कम रही, जिससे जून में फेड की ओर से दर में कटौती की संभावना बढ़ गई। शुक्रवार को आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में कॉमेक्स में सोने के सट्टेबाजों ने अपनी शुद्ध लांग पोजीशन 3,694 कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाकर 68,042 कॉन्ट्रैक्ट कर ली।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 725-730 के दायरे में कारोबार कर सकती है। शीर्ष उपभोक्ता चीन में लगातार पांचवें महीने फैक्ट्री गतिविधि में गिरावट, जिससे औद्योगिक धातुओं की मांग के दृष्टिकोण के बारे में अनिश्चितता बढ़ गई, के कारण डॉलर के कमजोर होने के बाद आज लंदन में तांबे की कीमतें सपाट कारोबार कर रही है। चीन का आधिकारिक मैनुफैक्चरिंग क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी के 49.2 से गिरकर फरवरी में 49.1 पर आ गया, क्योंकि महीने के दौरान कारखाने छुट्टी के कारण बंद रहे। औद्योगिक धातुओं के प्रमुख उपभोक्ता चीन के खस्ताहाल संपत्ति क्षेत्र ने कुछ समय से बाजार पर दबाव डाला है। बीजिंग के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर अपना समर्थन बनाए रखने की संभावना है, लेकिन यह धातुओं की नई मांग पैदा करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है। जिंक में खरीददारी हो सकती है और कीमतों को 213 पर सपोर्ट और 216 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें 178-180 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 199-202 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6590-6680 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। ओपेक+ सदस्यों द्वारा प्रति दिन 2.2 मिलियन बैरल की स्वैच्छिक तेल उत्पादन कटौती को दूसरी तिमाही में बढ़ाने पर सहमति के बाद सोमवार को तेल की कीमतें बढ़ गई, जो काफी हद तक बाजार की उम्मीदों के अनुरूप है। वैश्विक आर्थिक चिंताओं और समूह के बाहर बढ़ते उत्पादन के बीच पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और उसके सहयोगियों (ओपेक+) द्वारा उत्पादन में कटौती से बाजार को राहत मिलने की उम्मीद है। रूस की घोषणा ने कुछ विश्लेषकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। इसके उप प्रधान मंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि रूस, कुछ ओपेक+ में भाग लेने वाले देशों के साथ समन्वय में, दूसरी तिमाही में अपने तेल उत्पादन और निर्यात में अतिरिक्त 471,000 बैरल प्रति दिन की कटौती करेगा। इजराइल-हमास संघर्ष और लाल सागर शिपिंग पर हौथी हमलों के कारण बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने 2024 में तेल की कीमतों को समर्थन दिया है, लेकिन आर्थिक विकास के बारे में चिंता कम हो गई है। नेचुरल गैस की कीमतें 151-157 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

